# चक्रधर समारोह के भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर

❖ 29 हजार स्क्वायर फीट में बन रहा वाटर प्रूफ पंडाल ❖ 22 हजार स्क्वायर फीट में मुख्य डोम तैयार, पीछे और बाजू में पंडाल की तैयारी शुरू



❑ कुश्ती-कबड्डी के लिए तैयार किया गया है अलग पंडाल

रायगढ़

इस वर्ष 39 वां चक्रधर समारोह पूरी गरिमा और भव्यता के साथ रामलीला मैदान में 7 से 16 सितंबर तक आयोजित होने जा रहा है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त और कला जगत के कई प्रसिद्ध कलाकार इसमें शिरकत के लिए पहुंच रहे हैं। 10 दिवसीय आयोजन का शेड्यूल जारी हो चुका है। शास्त्रीय संगीत से जुड़े नृत्य, गायन और वादन के साथ विभिन्न लोक विधाओं का जीवंत मंचन यहां देखने को मिलेगा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के अनुरूप आयोजन स्थल पर भव्य पंडाल और मंच तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। श्रमिक दिन रात इस काम में जुटे हुए हैं। ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर वाटर प्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है। जो कि लगभग 29 हजार स्क्वायर फीट में तैयार हो रहा है। जिसमें मुख्य डोम लगभग 22 हजार स्क्वायर फीट का है, जो कि वाटर प्रूफ है। जिसके बाद पीछे 3 हजार स्क्वायर फीट वाटर प्रूफ पंडाल भी तैयार किया जाएगा। इसके अलावा दोनों बाजू में मिलाकर साढ़े 4500 स्क्वायर फीट का अतिरिक्त पंडाल भी तैयार किया जा रहा है। मंच के पीछे कलाकारों के ग्रीन रूम भी रेडी किए जा रहे हैं। रामलीला मैदान को सुखा लिया गया है। यहां मिट्टी डाली गई है जिसे रोलर चलाकर समतल किया जा रहा है। इसके अलावा बारिश के मद्देनजर पंडाल के दोनों बाजू में नाली बनाकर पानी निकासी की व्यवस्था भी तैयार कर ली गई है। जिससे बारिश होने पर साइड से पानी अंदर न घुसे।

कुश्ती-कबड्डी के लिए अलग पंडाल तैयार

चक्रधर समारोह में कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन होना है। इसके लिए भी मैदान के एक हिस्से में तैयारी की गई है। इसके लिए चौबीस सौ स्क्वायर फीट का पंडाल अलग से बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल में प्रवेश के लिए गैंग वे और बेरिकेडिंग की जायेगी। जिससे लोग दर्शक दीर्घा तक आसानी से पहुंच सकें।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को 39 वें चक्रधर समारोह में शामिल होने का आमंत्रण

रायगढ़




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित निवास में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने सौजन्य मुलाकात कर 39वें चक्रधर समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण स्वीकार कर समारोह के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चक्रधर समारोह रायगढ़ की पहचान है। अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों ने समारोह में प्रस्तुति देकर इसके गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ से मैं सांसद रहा और इस आयोजन को करीब से देखा है। साय ने कहा कि समारोह से मेरा भावनात्मक लगाव भी है। महाराजा चक्रधर ने रायगढ़ को अमूल्य सांस्कृतिक विरासत सौंपी है, जो लगातार समृद्ध हो रही है। समारोह की लोकप्रियता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि कलाकारों और कलाप्रेमियों को वर्ष भर इस समारोह का इंतजार रहता हैं। मुख्यमंत्री साय ने स्थानीय लोक कलाकारों को भी समारोह में प्रमुखता के साथ शामिल करने को कहा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मुख्यमंत्री से आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि 10 दिन तक चलने वाले समारोह में इस वर्ष भी बड़े कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही समारोह में स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

गौरतलब है कि 39वां चक्रधर समारोह 07 से 16 सितम्बर 2024 तक रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ समारोह में पद्मश्री हेमा मालिनी नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की प्रस्तुति देंगी और समापन समारोह में डॉ.कुमार विश्वास कविता पाठ करेंगे। समारोह के दौरान प्रतिदिन सायं 6 बजे से आयोजित सांस्कृतिक संध्या में नामी कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## राज्यपाल रमेन डेका को चक्रधर समारोह का न्योता देने राजभवन पहुंचे रायगढ़ कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक



**रायगढ़।** राज्यपाल रमेन डेका को रायगढ़ में आयोजित 39 वें चक्रधर समारोह में निमंत्रित करने के लिए रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल आज राज भवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल डेका को समारोह का निमंत्रण पत्र सौंपते हुए चक्रधर समारोह के बारे में जानकारी दी और कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया।

## वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी को चक्रधर समारोह के लिए किया आमंत्रित



**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी से कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें 39 वें चक्रधर समारोह के लिए आमंत्रण दिया। कलेक्टर गोयल ने वित्त मंत्री चौधरी को समारोह की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने चक्रधर समारोह के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ में अब तक 921.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 921.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 1 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1933.8 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 500.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 508.5, सूरजपुर जिले में 920.3 मिमी, बलरामपुर में 1332.2 मिमी, जशपुर में 795.7 मिमी, कोरिया में 934.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 931.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 746.4 मिमी, बलौदाबाजार में 951.3 मिमी, गरियाबंद में 888.4 मिमी, महासमुंद में 727.1 मिमी, धमतरी में 791.7 मिमी, बिलासपुर में 846.6 मिमी, मुंगेली में 956.7 मिमी, रायगढ़ में 892.3 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 539.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 999.1 मिमी, सक्ती 858.2 मिमी, कोरबा में 1226.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 977.5 मिमी, दुर्ग में 545.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 739.9 मिमी, राजनांदगांव में 874.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 982.3 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 649.4 मिमी, बालोद में 912.7 मिमी, बस्तर में 970.7 मिमी, कोण्डागांव में 872.8 मिमी, कांकेर में 1078.4 मिमी, नारायणपुर में 1024.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 1200.5 मिमी और सुकमा जिले में 1305.2 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** टाटीबंध स्थित खान सामा ढाबा के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आमानाका पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रतिक मलावी 26 वर्ष अपनी बाइक से कहीं जा रही थी, तभी टाटीबंध स्थित खान सामा ढाबा के पास कंटेनर क्रमांक डब्ल्यूबी 19 एन 9884 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे प्रतिक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कोतवाली पुलिस की जुआ रेड कार्यवाई

## 52 पत्ती ताश के साथ 10 जुआरी गिरफ्तार, 54,250 रुपए नगद बरामद

रायगढ़



बीती रात गस्त दौरान कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्यासा मैदान, आशीर्वादपुरम कॉलोनी में बिजली के खंभे के नीचे जुआ खेल रहे 10 व्यक्तियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में :

1. चंद्रशेखर डनसेना (20), निवासी बरभौना, थाना छाल
2. सचिन पटेल (20), निवासी झिंटीपाली, थाना भूपदेवपुर रायगढ़
3. सुरेंद्र सामंत (35), निवासी ढिमरापुर, थाना कोतवाली
4. रामप्रसाद सारथी (29), निवासी ढिमरापुर, थाना कोतवाली
5. भावेश वर्मा (30), निवासी श्रीराम नगर, रायपुर
6. राजकुमार चौहान (34), निवासी सराईपाली, पूंजीपथरा
7. भोज सिंह पटेल (33), निवासी पंझर, थाना कोतरारोड़
8. सुनील रात्रे (34), निवासी ढिमरापुर, थाना कोतवाली
9. आनंद कुमार राठिया (35), निवासी कुकरी चोली, थाना छाल
10. बसंत प्रधान (53), निवासी ओम साई राम हाइट्स, ढिमरापुर, थाना कोतवाली

इनके कब्जे से 52 पत्तों की ताश, एक प्लास्टिक की थैली और रु.54,250 नकद बरामद किया गया। यह कार्रवाई पुलिस की सजगता और कुशल नेतृत्व का परिणाम है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस सफल जुआ रेड कार्रवाई में निरीक्षक सुखनंदन पटेल,एएसआई दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे, आशीष महंत और हमराह स्टाफ शामिल रहे।

## स्कूलों में 2 सितम्बर को होगा निशुल्क आयुष्मान पंजीयन शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़

जिले के स्कूलों में सोमवार 2 सितम्बर को निशुल्क आयुष्मान पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा। बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम धनसीर, पुरगांव, सिहारजोर घरजरा, टाटा के शासकीय स्कूल में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद स्कूल (सेजेस) और अशोका पब्लिक स्कूल सारंगढ़, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम खम्हारडीह, कुधरी, फरसवानी, बडे गन्तुली, बरभांठा, गाताडीह, केडार, छिन्द, लेन्ध्रा, सहसपुर और मल्दा के शासकीय स्कूल में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा। बरमकेला ब्लॉक के ग्राम हिर्री, लेन्ध्रा, कोतरा, सांकरा, कुम्हारी, कुधरगढ़ी, कलकुटा, बोंदा, बुदबुदा के शासकीय स्कूल में और बरमकेला तथा देवगांव के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## छेड़खानी : घरघोड़ा पुलिस ने आरोपित को छेड़खानी और पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़



दिनांक 31.08.2024 को घरघोड़ा थाना में एक महिला ने उसकी लड़की की छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना आयी। महिला के अनुसार, उसकी बेटी ने घर लौटने के बाद बताया कि स्कूल का टीचर महेन्द्र खंडेल उसे गलत तरीके से स्पर्श कर गंदी बातें किया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस घटना की सूचना दी। उनके मार्गदर्शन में निरीक्षक कमला पुसाम ने महिला की लिखित शिकायत पर अपराध क्रमांक 250/2024 धारा 74 बीएनएस 8 पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाई। पीड़िता से पूछताछ कर उसका बयान भी लिया गया।

घरघोड़ा पुलिस थाना प्रभारी अमित तिवारी के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित महेन्द्र खंडेल (उम्र 54 वर्ष) मूल निवासी तपकरा,जिला जशपुर को घरघोड़ा क्षेत्र में उसके निवास स्थान पर दबिश देकर हिरासत में लिया। आरोपित की गिरफ्तारी की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## चाय-नाश्ते की होटल में चोरी : खरसिया पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर बरामद किया चोरी का सारा सामान

रायगढ़



खरसिया पुलिस चौकी में ग्राम रतनमहका के निवासी गणेश राम राठौर (31) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ग्राम महका के तेलमिल के स्थित पास चाय-नाश्ते की दुकान पर बीते रात्रि चोरी हो गई है। गणेश राम ने बताया कि उसने 31 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे होटल बंद किया और घर चला गया था। अगले दिन सुबह करीब 8:00 बजे जब वह होटल खोलने पहुंचा तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। होटल से एक कुकर, डेचकी, लोहे का कढाई, गुटखा पाउच पैकेट और गल्ले में रखा चांदी का कुबेर यंत्र गायब था। गणेश राम को संदेह हुआ कि गाँव का शनि खंडेल चोरी किया है, क्योंकि छह महीने पहले भी शनि खंडेल ने होटल में ताला तोड़कर कुछ सामान चोरी किया था, जिसे उसने बाद में लौटा दिया था।

पुलिस ने शनि खंडेल (28) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने चांदी का कुबेर यंत्र रिपोर्टकर्ता गणेश राम राठौर को लौटा देना बताया, लेकिन बाकी सामान नहीं लौटाया था। पुलिस की तफ्तीश के बाद आरोपी की निशानदेही पर ग्राम महका में बीएसएनएल टावर के पास रेलवे लाइन के किनारे पेड़ों के झुरमुट से चोरी का कुकर, चूल्हा, लोहे की कढ़ाई और गुटखा पाउच पैकेट (कीमत करीब रु.3,000 रुपये) बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी शनि खंडेल को धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## शराब रेड: बीएसएनएल टावर के पास अवैध देशी शराब बेचते आरोपित गिरफ्तार, 35 पाव देशी शराब जब्त

रायगढ़



दिनांक 31 अगस्त 2024 को खरसिया पुलिस ने ग्राम रतनमहका में शराब रेड कार्रवाही कर एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामेश्वर प्रसाद राठौर (61), निवासी ग्राम रतनमहका, बीएसएनएल टावर के पास अवैध रूप से देशी शराब बेच रहा है।

इस सूचना पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार नाग, सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार पटेल, प्रधान आरक्षक मनोज मरावी और अन्य पुलिसकर्मी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीएसएनएल टावर के पास पहुंचकर रामेश्वर प्रसाद राठौर को रंगे हाथों पकड़ा। मौके पर आरोपी के पास से सफेद प्लास्टिक के थैले में रखे 35 पाव सादा देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 6.3 लीटर और कीमत 3,150 रुपये आंकी गई है। जब रामेश्वर प्रसाद से शराब रखने और बेचने के संबंध में दस्तावेज़ या लाइसेंस मांगा गया, तो वह कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) और 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## राष्ट्रीय पोषण माह : 2 सितम्बर को विभिन्न स्थानों पर होगा एनीमिया कैंप का आयोजन

रायगढ़




कुपोषण एवं एनीमिया में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में 2 सितम्बर को एनीमिया कैंप का आयोजन जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र में किशोरी एवं इनीमिक महिलाओं के लिए एनीमिया कैंप का आयोजन, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का एनीमिया, स्वास्थ्य जांच शिविर, आईएफए एवं गोली इत्यादि का वितरण किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन हेतु 1 सितंबर से 30 सितंबर तक प्रत्येक दिवस में कैलेंडर अनुसार विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह का आयोजन जन समुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधी व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। पोषण माह 2024 का मुख्य उद्देश्य पोषण पंचायत को सक्रिय करना है। इस हेतु ग्राम स्तर पर पंचायत एवं पंचायत को गतिविधियों का आधार बनाते हुए जन आंदोलन को जन भागीदारी के रूप में परिवर्तित करना है। राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य उद्देश्य एनीमिया जांच, वृद्धि निगरानी, पूरक पोषण आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, समग्र पोषण है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय पोषण माह में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का लाभ लेने हेतु अपील की है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480